## सार-समाचार

### फैक्ट्री श्रमिक को चाकू मारा, दो गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के बासनी औद्योगिक क्षेत्र गली नंबर 6 में आपसी विवाद के चलते एक फैक्ट्री श्रमिक का रास्ता रोककर कुछ लोगों ने मारपीट की। एक आरोपी ने चाकू निकाल कर हमला किया, जिससे फैक्ट्री श्रमिक के दाहिने पैर की जांघ में चाकू का गहरा घाव लगा। वह बुरी तरह घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पर्चा बयान पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तुरंत कार्रवाई कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चाकू को बरामद किया गया है। पीड़ित और आरोपी फैक्ट्री श्रमिक है। बासनी पुलिस ने बताया कि मेघवालों की ढाणी बासनी के रहने वाले हनुमान पुत्र अंबाराम की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह 17 जून की रात को मजदूरी कर अपने घर की तरफ लौट रहा था। तब बासनी गली नंबर 6 स्थित मस्जिद के निकट कन्हैया, शाहरूख, जितेंद्र गुर्जर, प्रकाश औड़ आदि ने मिलकर पहले मारपीट की। कन्हैया ने अपने पास रखे चाकू से वार किया जिससे उसके पैर की दाहिनी जांघ पर चाकू का गहरा घाव लग गया। वह लहूलुहान हो गया और आरोपी फरार हो गए। बासनी पुलिस ने बताया कि प्रकरण दर्ज कर दो आरोपियों वैष्णो विहार डालीबाई मंदिर के पास चौपासनी चौखा निवासी कन्हैया पुत्र खुशालराम मेघवाल एवं गली नंबर 8 सुंदर बालाजी कॉलोनी चौखा निवासी शाहरूख पुत्र लियाकत को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आपसी विवाद के चलते यह हमला किया गया है। आरोपियों के पास से वारदात में प्रयुक्त चाकू को जब्त किया गया है। अन्य नामजद की तलाश की जा रही है।

### कूलर से करंट लगने पर युवक की मौत

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के सूरसागर स्थित राजबाग हरिजन बस्ती में रहने वाले एक युवक को नींद में कूलर से करंट लग गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह बहन उसे संभालने पहुंची तब वह पलंग से नीचे पड़ा मिला। उसे संभाला तो उसे भी करंट का झटका लगा। बाद में आस पास के लोग वहां पहुंचे। युवक को पहले निजी अस्पताल ले जाया गया फिर एमडीएम रैफर किया गया, मगर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। सूरसागर पुलिस ने कार्रवाई कर शव परिजन को सुपुर्द किया। मृतक रातानाडा स्थित होटल पर कार्य करता था। सूरसागर थाने के एएसआई पाबूदान सिंह ने बताया कि राजबाग हरिजन बस्ती बाबा रामदेव मंदिर के पास रहने वाला 26 वर्षीय महेंद्र उर्फ जिमी पुत्र ओमप्रकाश अकेले ही रहता था। वह रातानाडा स्थित एक होटल पर काम करता था। रात को वह होटल से काम निपटा कर घर आया और कूलर चालू कर सो गया। बाद में उसे नींद में ही कूलर से करंट लग गया। सुबह जब उसकी बहन मीनाक्षी मिलने पहुंची तो वह पलंग से नीचे गिरा पड़ा मिला। इस पर उसे संभाला तो उसे भी करंट का झटका लगा। महेंद्र का हाथ कूलर से टच हो रखा था। इस पर आस पास एकत्र हुए लोग उसे लेकर पहले डउकिया अस्पताल पहुंचे मगर वहां से एमडीएम अस्पताल रैफर कर दिया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। मृतक की बहन मीनाक्षी की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई।

### गुमशुदगी के चार मामले दर्ज

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर में गुरुवार को गुमशुदगी के चार नए मामले सामने आए। पताशे खाने का कह कर घर से निकली युवती वापस नहीं लौटी। पिता ने बनाड़ थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट दी है। इसके अलावा जोधपुर वेस्ट के थानों में भी गुम होने के मामले सामने आए हैं। बनाड़ थाने में दी रिपोर्ट में पिता ने बताया कि उनकी 20 साल की बेटी घर से पानी पताशे के ठेले पर जाने का बोलकर निकली थी लेकिन वापस नहीं लौटी। काफी तलाश के बावजूद उसका पता नहीं चल सका। दूसरा मामला एयरपोर्ट थाने में एक टैक्सी चालक ने दर्ज करवाया। रिपोर्ट में बताया- घर से केएन कॉलेज जाने का बोलकर निकली उनकी बेटी वापस नहीं लौटी। कई दिनों तक तलाश के बावजूद का कोई पता नहीं चल सका। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाने में एक व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया। बताया कि शोभावतों की ढाणी क्षेत्र से उनकी 18 साल की बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गई। कई जगहों पर उसकी तलाश करने के बावजूद कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस उनकी बेटी की तलाश में जुटी हुई है। सूरसागर थाने में एक व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया। बताया कि उनका 19 वर्षीय भाई गांव से बिना बताए निकल गया। जिसका अभी तक पता नहीं चल सका है।

### जालोर की प्रतिभाओं का होगा सम्मान

**जालोर**, (कासं)। स्व. फूसाराम महाराज स्मृत सेवा प्रन्यास जालोर एवं परशुराम सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान व युवाचार्य स्वामी अभयदास महाराज के पावन सान्निध्य में जालोर विधानसभा क्षेत्र के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2025 में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 253 विद्यार्थियों का प्रतिभा सम्मान समारोह 20 जून को प्रातः 10 बजे जालोर स्थित विजय पैराडाइज होटल में आयोजित होगा। मुख्य अतिथि राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग होंगे तथा मुख्य वक्ता के रूप में उत्कर्ष क्लासेस के निदेशक निर्मल गहलोत उपस्थित रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता परशुराम सेवा संस्थान जालोर के अध्यक्ष आर.डी.चौधरी करेंगे। कार्यक्रम संयोजक नाथू सोलंकी ने बताया कि समारोह में जालोर विधानसभा क्षेत्र के राजकीय, निजी एवं केन्द्रीय विद्यालय के माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में माध्यमिक परीक्षा-2025 एवं उच्च माध्यमिक परीक्षा-2025 के कला वर्ग, वाणिज्य वर्ग, विज्ञान वर्ग व कृषि विज्ञान वर्ग में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली 253 प्रतिभाओं को समारोहपूर्वक अभिनंदन कर सम्मानित किया जाएगा।

### सड़क हादसे में घायल कृषक की मौत

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के निकटवर्ती नारवा- गोयलों की ढाणी के बीच में स्कूटी सवार एक कृषक को पीछे से आई कार चालक ने चपेट में लेकर टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल कृषक को उपचार के लिए एमडीएम अस्पताल लाया गया। जहां बाद में उसकी मौत हो गई। इस बारे में मृतक के भाई की तरफ से अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दी गई है। सूरसागर थाने के एएसआई हंसराज ने बताया कि मूलतः इंद्रोका हाल मोहन नगर ए बीजेएस कॉलोनी निवासी 56 वर्षीय महिपाल सिंह पुत्र रामसिंह 17 जून की रात में अपनी स्कूटी लेकर नारवा- गोयलों की ढाणी मार्ग से निकल रहे थे। तब पीछे से आई एक कार के चालक ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल महिपाल सिंह को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया, मगर बाद में उसकी मौत हो गई। वे खेतीबाड़ी करते थे। उनके भाई नाथूसिंह ने इस बारे में अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दी है। मामले में अग्रिम जांच की जा रही है।

### गुंडे लेकर पहुंचे पति ने पत्नी को दी धमकी

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के करवड़ थाना क्षेत्र में एक गांव में रहने वाली महिला को उसके पति द्वारा हथियार के बल पर धमकाया गया। आरोपी पति कुछ गुण्डों को लेकर उसके घर पर पहुंचा। पीड़ित महिला ने पति सहित अन्य के खिलाफ धमकाने का केस दर्ज करवाया है। आपसी विवाद के चलते दंपत्ति अलग रह रहा है। करवड़ पुलिस के अनुसार केलावा खुर्द की रहने वाली एक महिला की तरफ से रिपोर्ट दी गई है। बुधवार को उसका पति विशनाराम कुछ गुण्डा तत्व के लोगों को उसके घर पर लेकर आया और जान से मारने की धमकी दी। उसके हाथ में हथियार भी था। पीड़िता का ससुराल डांगियावास में बताया गया है। पति पत्नी के विवाद के चलते अलग रह रहे है। पीड़िता इन दिनों अपने पीहर में है।

### लिव इन में रह रही युवती से देहशोषण

**जोधपुर**, (कासं)। जिला पश्चिम में एक युवती ने युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर देहशोषण का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दी है। युवती युवक के साथ लिव में रह रही थी। आरोपी अब शादी से मुकर गया। पीड़िता ने पुलिस की शरण ली और केस दर्ज कराया। पीड़िता का मेडिकल कराया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी फिलहाल नहीं हुई है। जिला पश्चिम में पुलिस निरीक्षक ने बताया कि एक पीड़िता ने रिपोर्ट दी है। इसमें बताया कि वह अफजल के साथ दो साल से रह रही थी। वह शादी का झांसा देता रहा और यौन शोषण करता रहा। शादी से मुकर गया है। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच शुरू की है। वर्ष 2023 से वह अफजल के साथ रह रही थी।

### 'डेयरी बूथों पर तम्बाकू उत्पाद नहीं बेचें'

**पाली**,(नि.सं.)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग,पाली के अधीन राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा पिछले कुछ दिनों से लगातार पाली शहर में संचालित विभिन्न डेयरी बूथों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विकास मारवाल ने बताया कि जिला तम्बाकु नियंत्रण प्रकोष्ठ के अधिकारियों द्वारा पाली शहर में पिछले कुछ दिनों से लगातार डेयरी बूथों का निरीक्षण कर डेयरी बूथों से तम्बाकू उत्पाद हटवाये गये हैं तथा ऐसे बूथ संचालकों को भविष्य में तम्बाकू उत्पादों का विक्रय नहीं करने के लिए पाबन्द भी किया गया है।

# जालोर शहर के सुन्देलाव तालाब की विभिन्न समस्याओं

**जालोर**, (कासं)। सनातन धर्म सेवा एवं संवर्द्धन संस्थान जालोर के बैनर तले जालोर शहर के सुन्देलाव तालाब के सौन्दर्यकरण, सीवरेज पानी को रोकने, तालाब को दूषित व जहरीला होने से रोकने, अतिक्रमण से मुक्त करने, मच्छलियों को बचाने सहित कई समस्याओं को लेकर गुरुवार को मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, नगरीय विकास मंत्री, सांसद लुम्बाराम चौधरी के नाम जिला कलैक्टर जालोर डॉ.प्रदीप के .गावंडे को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया कि सुंन्देलाव तालाब की दयनीय स्थिति, सीवरेज के पानी का तालाब में भराव, असुरक्षा, अतिक्रमण, तालाब के आस पास व अन्दर कचरे का अम्बार, तालाब में दम तोड़ती मछलियां आदि समस्याओं से तालाब को मुक्त करने की मांग की। साथ ही तालाब में आने वाले सीवरेज नाले को तुरंत बंद किया जाए। पास की आबादी क्षेत्र की नालियों को भी अन्य दिशा में बनाया जाये। आस पास की आबादी क्षेत्र की तरफ पूरी लम्बाई में पांच फीट ऊंची दीवार निकाल कर तालाब में आने के सारे रास्ते बंद करने, वर्तमान में भरे सीवरेज के गंदे पानी को तालाब में से मशीन द्वारा बाहर निकाल कर तालाब में जमा कचरा, बबूल के पेड़, सारी गंदी मिट्टी साफ करवाने, तालाब भराव की तरफ की साईड में तारों की ऊंची फेन्सिग करवाने, तालाब को नर्मदा के शुद्ध जल से भरवाकर एक दर्शनीय पर्यटन स्थल बनाने, तालाब पर जो मंदिर बने उनका डेवलपमेंट करने तथा एक कोरिडोर की



जालोर में सनातन धर्म सेवा संवर्द्धन संस्थान से जुड़े लोग सुन्देलाव तालाब की समस्याओं को लेकर जिला कलैक्टर को ज्ञापन देने कलैक्ट्रेट पहुंचे। फोटो-राष्ट्रदूत

तरह डेवलपमेंट करवाया जाये । साथ ही तालाब की पाल पर छाया दार वृक्ष लगाने, साथ ही बाग बगीचे बनाने, तालाब पर सीनियर सीटीजन के लिए वाकिंग ट्रेक बनाने, तालाब की पाल पर एक पुलिस चौकी भी स्थापित करने, जगह जगह बैठने की ग्रेनाइट की बैंचै लगाने, तालाब पर एक ही घाट कलात्मक, सुन्दर और आकर्षक शैली में बनाने तथा तालाब को अहमदाबाद के कांकरिया तालाब की तर्ज पर एक कोरिडोर के रूप में पर्यटन स्थल के रुप में साथ ही पीने के शुद्ध जल के स्टोर के रुप में विकसित करने की मांग बताई। ज्ञापन में बताय कि तालाब के टिब्बे तक पुल बना कर फिल्टर हाऊस स्थापित किया जाए। जिससे जालोर की वर्तमान भविष्य की पानी के स्टोर की समस्या का स्थाई समाधान हो जाए। वर्तमान में वाटर वर्क्स के पास दो दिनों तक के पानी की पुर्ती के लिए स्टोर उपलब्ध नहीं है। यदि नर्बदा नहर के लिए 15 दिन कि सटडाऊन लें तो जालेर को खारे पानी के अलावा कोई साधन नहीं है। वह भी सप्ताह दस दिन में एक बार आ रहा है इन मांगों के साथ मुख्यमंत्री से शीघ्र तालाब के लिए बजट जारी करने की मांग भी उठाई।

ज्ञापन देते समय अध्यक्ष बंशीलाल सोनी, सचिव दिनेश बारोट, धनपत मुथा ,मांगीलाल कच्छवाहा, मगनाराम गहलोत, सुनिल शर्मा, पप्पू बंजारा, सोमनाथ , विक्रम भारती, पुखराज सुथार ,रमेश गहलौत, लक्ष्मण राव ,पुखराज सुन्देशा,अमर भाई मोदी, मदन टेक्सी वाला, नन्दलाल खटीक, मनाराम चौथा राम,चतरा राम कुयाराम परमार, अशोक गुर्जर, मनोज सोनी, बंन्शीलाल सैन, गिरधारी लाल खत्री, भुराराम गर्ग, मोहनलाल लौहार , देवाराम माली, रामलाल माली प्रमोदजजी दवे, संदीप मेघवाल, हरिराम, जीवाराम माली, मोटाराम टांक,फूटरमल, मोहनलाल माली दलपतराम बोहरा आदि मौजूद थे।

# ट्रेनों में धूम्रपान करने पर 11 सौ यात्रियों से 2.17 लाख जुर्माना वसूला

**जोधपुर**, (कासं)। ट्रेनों अथवा रेल परिसर में धूम्रपान करते पाए जाने पर टिकट चेकिंग स्टाफ की सतर्कता से अकेले जोधपुर मंडल पर वर्ष 2024-2025 के दौरान लगभग 11 सौ रेलयात्रियों से 2 लाख 17 हजार 600 रुपए जुर्माना राशि वसूल की गई।

उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने कहा कि रेल प्रशासन द्वारा इस संबंध में समय-समय पर एडवाइजरी जारी की जाती है इसके बावजूद यात्रियों द्वारा इस तरह की गंभीर गलती की जाती है तो उसे मजबूरन कार्रवाई करनी पड़ती है।

उन्होंने बताया कि रेलवे स्वच्छता और यात्री सुरक्षा को गुणवत्तापूर्ण सेवा के आवश्यक घटक के रूप में मान्यता देते हुए अपने यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुखद यात्रा का वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और यात्रियों का सहयोग भी अपेक्षित है।

उन्होंने यात्रियों से ट्रेन में यात्रा के दौरान कोच व टॉयलट में छुपकर बीड़ी-सिगरेट का इस्तेमाल न करने की अपील करते हुए कहा कि इस तरह की प्रवृत्ति से जहां ट्रेन में आग लगने की आशंका प्रबल रहती है वहीं इससे साथी यात्रियों के स्वास्थ्य को भी गंभीर खतरा होता है। इसके अलावा ट्रेन में ज्वलनशील पदार्थों का लदान भी पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है तथा ऐसे कृत्यों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

सीनियर डीसीएम विकास खेड़ा के मुताबिक टिकट चेकिंग स्टाफ ने जोधपुर मंडल पर 1 अप्रेल 2024 से 31 मार्च 2025 तक की अवधि में 1097 ऐसे यात्रियों को पकड़ा जो विभिन्न डिब्बों अथवा प्लेटफॉर्म पर धूम्रपान कर रहे थे जिन पर 2 लाख 17 हजार 600 रुपए का जुर्माना आरोपित कर वसूली की गई।

उन्होंने बताया कि ऐसा न करने के लिए रेलवे स्टाफ द्वारा उन्हें जागरूक भी किया जा रहा है।

# जालोर की नीता चौधरी ने राज्य एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक जीता


अजमेर में हुई राज्य स्तरीय सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जालोर की नीता चौधरी ने स्वर्ण पदक जीता। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। अजमेर के पटेल स्टेडियम में 18 से 19 जून तक आयोजित हुई राज्य स्तरीय सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जालोर जिले के खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण व दो रजत सहित कुल तीन पदक जीते।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव कन्हैयालाल मिश्रा व अध्यक्ष भरत मेघवाल ने बताया कि राजस्थान एथलेटिक्स संघ व अजमेर एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ही राज्य स्तरीय सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के हैप्थलोन इवेंट में जिले की ख्यातनाम एथलेटिक्स खिलाडी नीता चौधरी ने कुल 4529 अंकों का स्कोर कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। वहीं जालोर जिले के ही खिलाड़ी ढोलाराम ने 1500 मीटर दौड में 3.46 मिनट का समय निकालकर रजत व 5000 मीटर दौड में 14.28 मिनट का समय निकालकर दोहरा रजत पदक जालोर जिले के नाम किया।

गौरतलब है कि दोनों ही खिलाडी विगत कई वर्षों से जालोर जिले को राजस्थान में पदक दिलवा रहे हैं।प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन के कारण दोनों ही खिलाडयों का चयन सीनियर राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

# अल्पसंख्यकों के लिए जारी योजनाओं पर चर्चा की


जालोर में अल्पसंख्यक अधिकारी-कर्मचारियों के प्रतिनिधि मंडल ने जिला अल्पसंख्यक अधिकारी से मुलाकात की। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारीयो के प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को जिला अल्पसंख्यक अधिकारी एजाज अहमद से मुलाकात कर अल्पसंख्यकों के 15 सूत्री कार्यक्रमों सहित कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई।

जिला अल्पसंख्यक अधिकारी एजाज अहमद का स्वागत प्रतिनिधि मंडल ने किया। इस अवसर पर जिला अल्पसंख्यक अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से 50 बालिकाओ के लिए आवासीय हॉस्टल की मंजूरी आई हुए है।

हॉस्टल में पढने वाली बालिकाओं को उचित स्थाई फंड भी मिलेगा इसके अलावा अनुप्रति योजना, डी बी टी योजना, रोजगार के लिए लोन आदि योजना का अल्पसंख्यक लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा बालक बालिकाओं के छात्रवृत्ति के संबंध में भी विचार विमर्श किया गया और अन्य अल्पसंख्यकों योजना के बारे में चर्चा की।

इस अवसर पर रकमा संभाग प्रभारी शहजाद खान, अल्पसंख्यक महासंघ अध्यक्ष रमजान खान, सचिव फिरोज खान,रकमां अध्यक्ष भवरूखान, प्रदेश सचिव मोहम्मद रफीक शेख, रेवतडा प्रिंसिपल अमजद खान, जालोर लेक्चर राजू शेख, मदरसा पेरा टीचर संघ के एजाज अली आदि मौजूद थे।

### उम्मेद सागर बांध क्षेत्र से कई अतिक्रमण हटाए

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर के उम्मेद सागर बांध में हाईकोर्ट के आदेशों के बाद आज अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई ।

पीएचईडी, जेडीए और नगर निगम की ओर से संयुक्त कार्रवाई कर करीब 150 कच्चे से लेकर पक्के अतिक्रमण को हटाया गया।

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान निगम की 10 जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। डिस्कॉम की एडीसीपी सुनील के पंवार ने बताया- मौके पर पुलिसकर्मियों का भरपूर जाब्ता लगाया गया है। इसके अलावा आर ए सी का अतिरिक्त जाब्ता भी लगाया गया। मौके पर कार्रवाई की वीडियो रिकॉर्डिंग भी करवाई गई।

कार्रवाई के चलते 300 के करीब पुलिसकर्मी मौके पर तैनात किए गए। गौरतलब है कि पूर्व में भी यहां पर तीनों टीमों ने पुलिस जाब्ते के साथ मिलकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की थी। इस दौरान अतिक्रमण करने वालों ने पुलिस पर हमला भी कर दिया था। इसके चलते पुलिस को मौके से भागना पड़ा। इसका विडियो सामने आने के बाद लोगों में पुलिस की किरकिरी भी हुई थी। बाद में एक्शन में पुलिस ने एरिया डॉमिनेशन चलाकर पथराव करने वालों को पकड़कर जेल भिजवाया था।

# जैसलमेर में जनसुनवाई में107 परिवेदनाए प्राप्त

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर जिला कलैक्टर प्रतापसिंह की अध्यक्षता मे स्थानीय वी.सी कक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित हुई। इस जिला स्तरीय जनसुनवाई में कुल 107 परिवेदनाए प्राप्त हुई।

जनसुनवाई में सिंह को ग्राम पंचायत खुहड़ी की जन समस्या क्रमांक 70 से ग्रामीणों ने दी। जिसमें बताया गया कि ग्राम पंचायत खुहड़ी एवं ग्राम पंचायत धोबा के घरों मे जोधपुर विद्युत निगम द्वारा वोल्टेज नही दिया जा रहा है। इन दिनों 100 वाट के वल्ब मे 0 वाट के वल्ब के बराबर रोशनी आ रही है जिससे भारी परेशानी हो रही है।

जैसलमेर जिला परिषद सीईओ रश्मि रानी द्वारा निगम के अधिक्षण अभियंता को निर्देश दिए गए कि शीघ्र समाधान करावे।

इसी क्रम में जल जीवन मिशन का लक्ष्य ग्रामीणो को व्यक्तिगत घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है परंतु पाइप लगा कर पेयजल आज तक नही पहुंचा रहे है।

जलदाय विभाग के अधिक्षण अभियंता कैलाशचंद्र मीना को निर्देश दिए गए कि शीघ्र पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था कराये

ग्राम पंचायत खुहड़ी एवं ग्राम पंचायत धोबा के मौहल्लौ एवं मुख्य सड़क पर विद्युत पोल लगा दिए है परन्तु ग्राम पंचायत वल्ब नही लगा रही हैं। अंधेरे मे ग्रामीणो को परेशानी हो रही हैं। जनसुनवाई मे पोल पर 20 जून से पूर्व वल्ब लगाने के सख्त निर्देश दिए गए।

# गणेश मंदिर में बैठक हुई

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के गणेश महाराज की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए जनरल बैठक बुधवार शाम को नवनिर्मित गणेश चौक स्थित मंदिर प्रांगण जालोर में आयोजित हुई। जिसमें प्राण प्रतिष्ठा के लिए कार्यकारिणी का गठन किया गया व मुख्य कार्य योजना पर विचार किया गया।

मंदिर संरक्षक गोकुल अरोडा व शांतिलाल सोनी, अध्यक्ष सत्यप्रकाश रामावत, कोषाध्यक्ष अजय अरोडा मन्नू सा अरोडा, सचिव जगदीश रामावत, प्रचार व मीडिया प्रभारी ललित वैष्णव, जगदीश सोनी को बनाया गयाा वही कार्यकारिणी सदस्य मधुर श्याम, कमल गुप्ता , किशन सिंधी, जसराज सोनी, खेतराज जैन, जगदीश अग्रवाल, पंडित त्रिभूवन, शंकर प्रजापत , राकेश सोनी, जंसराज सोनी, भंवर सोनी, राकेश श्रीमाली, अभीषेक अरोडा, माधव अरोडा , प्रकाश अग्रवाल बनाए गये।। कई व्यापारी व भक्त बंधू उपस्थित रहे।

### प्रक्रिया निरस्त

**जालोर**, (कासं)। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत जिले में 58 रिक्त एवं नवसृजित उचित मूल्य दुकानों की आवंटन प्रक्रिया को अपरिहार्य कारणों से तुरन्त प्रभाव से निरस्त किया गया है। यह जानकारी जिला रसद अधिकारी आलोक झरवाल ने दी।

# पाली में जनसुनवाई आयोजित

**पाली**, (नि.सं.)। जिला स्तरीय जनसुनवाई आज गुरूवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जिला कलक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित हुयी। जनसुनवाई में मारवाड विधायक केसाराम चौधरी भी मौजूद रहे और आवश्यक निर्देश दिये।

जनसुनवाई में जिला कलक्टर मंत्री ने आमजन की समस्याओं को सुना और उनके निराकरणा के लिये संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये और उनकी समस्याओं का समाधान हो।

# पद्मश्री विजय नित्यानंद महाराज का स्वागत

**जोधपुर**, (कासं)। पंजाब केसरी आचार्य भगवंत विजय वल्लभ सूरी समुदाय के वर्तमान गच्छाधिपति पद्मश्री आचार्य विजय नित्यानंद सुरीश्वर महाराज एवं गोड़वाड़ भूषण आचार्य जयानंद सुरीश्वर महाराज आदि ठाणा का भैरू बाग पाश्र्वनाथ जैन श्वेतांबर तीर्थ पर गुरुवार सुबह मंगल प्रवेश हुआ। इस दौरान उनका ट्रस्ट मंडल एवं सकल श्री संघ द्वारा अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर आचार्य भगवन्तों द्वारा आशीर्वचनों के साथ मंगल पाठ भी सुनाया गया।

तीर्थ के प्रवक्ता दिलीप जैन एवं जगदीश गांधी ने बताया कि आचार्य नित्यानंद सुरीश्वर का भारत सरकार द्वारा पद्मश्री से विभूषित होने के बाद प्रथम बार भैरू बाग जैन तीर्थ पर आगमन पर श्रद्धालुओं ने पलक पांवड़े बिछाते हुए उनके दर्शन एवं गुरु वंदन करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए गच्छाधिपति आचार्य नित्यानंद सुरीश्वर ने परमात्मा के कल्याणकों से जुड़े प्रसंगों को रेखांकित करते हुए मां की महिमा बतलाई। उन्होंने कहा व्यक्ति के जीवन में सुख सुविधाओं की कमी नहीं है। कमी शांति की है। उन्होंने कहा जीवन में शांति, मृत्यु निकट हो तो समाधि एवं मृत्यु के पश्चात सद्गित की प्राप्ति होनी चाहिए। यह तभी संभव है जब हम अपने जीवन को धर्ममय बनाते हुए आचरण में लाने का सतत् प्रयास करेंगे। आचार्यों के आगमन पर ढोल नगाड़ों के साथ तीर्थ पदाधिकारियों एवं सकल संघ की ओर से संतों का श्रद्धा एवं उल्लास के साथ अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर स्वागत गेट भी बनाए गए।


राजस्थान सरकार
राईस सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग
कार्यालय प्रधानाचार्य डॉ भीमराव अम्बेडकर राजकीय बालिका आवासीय विधालय भैसवाडा (जालोर)
E-mail-drbrambedkarggrsbhainswara@gmail.com

क्रमांक- 505 दिनांक -18/06/2025

**विज्ञप्ति**

श्रीमान निदेशक महोदय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग , जयपुर के आदेश क्रमांक एफ 1(A) (0196) स्था. / राईस / गैस्ट फैकल्टी /2022 / दिनांक 09.06.2025 की अनुपालना में वित्त विभाग के परिपत्र क्रमांक प 6 (2) वित्त / साविलेन / 2021 दिनांक 30.03.2021 के आधार पर डॉ . भीमराव अम्बेडकर राजकीय बालिका आवासीय विधालय भैसवाडा, जालोर में अध्यापन व्यवस्था सुचारु बनाने के लिए राजस्थान सरकार द्वारा विधा संबल योजना के अन्तर्गत रिक्त पदों पर संबधित सेवा नियमों में अकित योग्यता आदि की पात्रता रखने वाले सेवानिवृत कार्मिक ( 65 वर्ष से कम आयु ) / निजी अभ्यर्थियों का वित्त विभाग के परिपत्र में वर्णित मानदेय दरों पर बजट उपलब्धता की शर्तो के अधीन गैस्ट फैकल्टी के लिए दिनांक 25.06.2025 तक कार्यालय समय में 01:00 बजे तक आवेदन आंमत्रित किए जाते है । चयन प्रक्रिया में चयन समिति का निर्णय अन्तिम व सर्वमान्य होगा ।

**रिक्त पदों का विवरण**

| क्र. स. | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या | विषय |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | व्याख्याता | 6 | रसायन विज्ञान -1, जीव विज्ञान -1, गणित -1, गृह विज्ञान - 1, हिन्दी -1, अंग्रेजी-1 |
| 2. | प्रयोगशाला सहायक | 3 | रसायन विज्ञान - 1, भौतिक विज्ञान -1, जीव विज्ञान -1 |

आवेदन पत्र , शपथ पत्र एवं शर्तो की जानकारी कार्यालय समय में प्राप्त कर सकते है । चयन प्रक्रिया में महिला अभ्यथियों को प्राथमिकता दी जायेगी ।

लीला चौहान
प्रधानाचार्य
डॉ .बी. आर अम्बेडकर रा.बा.आ.
उ.मा.वि. भैसवाडा (जालोर)